राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली

जयपुर, 31 जुलाई। राजस्थान के मनोनीत राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने बुधवार को सांय 4 बजे राजभवन में राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली। श्री बागड़े ने हिन्दी में ईश्वर के नाम पर राज्यपाल पद की शपथ ली।

मुख्य न्यायाधिपति श्री मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने श्री बागड़े को राज्यपाल पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा जारी राज्यपाल की नियुक्ति का वारंट पढ़कर सुनाया। शपथ लेने के बाद राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री सुश्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, केन्द्रीय मंत्रीगण, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्यगण, विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता श्री टीकाराम जूली तथा अन्य जन प्रतिनिधिगण, न्यायाधीशगण, प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

————

सत्यमेव जयते
राजभवन, राजस्थान

सत्यमेव जयते
राजभवन, राजस्थान

सत्यमेव जयते
राजभवन, राजस्थान